भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

31.07.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1462 का उत्तर

पुणे-मिराज-लोंडा रेलवे लाइन

1462. श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटील:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पुणे-मिराज-लोंडा रेलवे लाइन दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण परियोजना के कार्यान्वयन हेतु महाराष्ट्र के सांगली जिले में अधिकरण की गई भूमि के कूल क्षेत्रफल का ब्यौरा क्या है;

(ख) कितने एकल किसानों की भूमि अधिग्रहण की गई है;

(ग) दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण परियोजना के अंतर्गत सांगली जिले में प्रभावित किसानों को भूमि मुआवजे के रूप में कितनी राशि स्वीकृत की गई एवं वास्तव में संवितरित की गई है;

(घ) क्या सरकार सांगली जिले में किसानों द्वारा अपनी अधिग्रहण की गई भूमि के लिए अपर्याप्त मुआवजे का दावा करने की किसी रिपोर्ट अथवा शिकायत से अवगत है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा अपर्याप्त मुआवजे से संबंधित चिंताओं को दूर करने तथा प्रभावित किसानों हेतु उचित पारिश्रमिक सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जाने हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

पुणे-मिराज-लोंडा रेलवे लाइन संबंध में दिनांक 31.07.2024 को लोक सभा में श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटील के अतारांकित प्रश्न सं. 1462 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ङ): रेलवे ने पुणे-लोंडा-मिराज खंड के दोहरीकरण और विद्युतीकरण का कार्य शुरू कर दिया है। परियोजना की 466 किमी लंबाई में से 405 किमी कमीशन कर दी गई है।

रेलवे राज्य सरकार के माध्यम से भूमि का अधिग्रहण करती है। राज्य सरकार मुआवजे की राशि का आकलन करती है और रेलवे को सलाह देती है और तदनुसार, रेलवे मुआवजे की राशि संवितरण के लिए राज्य सरकार के पास जमा करती है।

सांगली जिले में कुल 10.3566 हेक्टेयर (कुल 87 गैट के लिए 363 किसान) भूमि अधिग्रहित की जानी है, जिसमें से 6.3436 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। राज्य सरकार से 16.02 करोड़ रुपए की मुआवजे संबंधी मांग प्राप्त हुई थी और इसे रेलवे द्वारा राज्य सरकार के पास जमा करा दिया गया है।

राज्य सरकार से यह जानकारी प्राप्त हुई है कि नांद्रे गांव को छोड़कर सांगली जिले के सभी गांवों के किसानों ने मुआवजा स्वीकार कर लिया है।

****